610(E)
28/01/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 28/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, अररिया के अन्तर्गत Strengthening of Jainagar to Ghurna (INBR) via-Narpatganj Road from Ch:0+000 to Ch.:37+200 (Total Length-35.770 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–19.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–1693 दिनांक–19.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–72(अनु०) दिनांक–14.01.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–14.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Strengthening of Jainagar to Ghurna (INBR) via-Narpatganj Road from Ch:0+000 to Ch.:37+200 (Total Length-35.770 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, अररिया। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹13907.54270 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–8282(s) दिनांक–04.10.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹13039.70 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–590(अनु०) दिनांक–17.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹12952.03224 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 21.11.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 10 (दस) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) ABCI Infrastructure Pvt. Ltd.
(2) M/s Bhartia Infra Projects Ltd.
(3) M/s Hari Construction and Associates Pvt. Ltd.
(4) M/s Kailash Prasad Yadav Constructions Pvt. Ltd.
(5) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd.
(6) M/s Mateshwari Construction
(7) M/s Rajbir Construction Pvt. Ltd.
(8) M/s Sri Ram Enterprises
(9) M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd.
(10) Sathi Construction

4. **निविदा की विस्तृत विवरणी :–**

पथ प्रमंडल, अररिया अन्तर्गत "Strengthening of Jainagar to Ghurna (INBR) via–Narpatganj Road from Ch.-0 + 000 to Ch.-37 + 200 (Total Length-35.770 Km) for the year 2025-26" के लिए प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड का मूल्यांकन दिनांक–19.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी जिसकी कार्यवाही, उपभागीय ज्ञापांक–1693(अनु०) दिनांक–19.12.2025 से संसूचित है, में 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/s Bhartia Infra Projects Ltd. एवं (2) Sathi Construction को SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने तथा शेष 08 (आठ) निविदाकार यथा (1) ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. (2) M/S Hari Construction and Associates Pvt. Ltd. (3) M/s Kailash Prasad Yadav Constructions Pvt. Ltd. (4) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. (5) M/S Mateshwari Construction (6) M/s Rajbir Construction Pvt. Ltd. (7) M/s Sri Ram Enterprises एवं (8) M/S Topline Infra Projects Pvt. Ltd. को SBD आधारित निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था। विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही दिनांक–23.12.2025 को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया है।

उक्त के आलोक में निविदाकार ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. द्वारा E-mail के माध्यम से दिनांक–24.12.2025 को उपभागीय कार्यालय में परिवाद समर्पित किया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1693 दिनांक–19.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–19.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–72(अनु०) दिनांक–14.01.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–14.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **प्राप्त परिवाद के मुख्य अंश :–**

निविदाकार ABCI Infrastructure Pvt. Ltd.से प्राप्त परिवाद के मुख्य क्रियाशील अंश निम्नांकित है:–

1. M/S Topline Infra Projects Pvt. Ltd.

(a) इनके द्वारा Bid Security के रुप में जमा Bank Guarantee Executive Engineer, RCD, Road Division, Araria के जगह Executive Engineer RCD, Road Division, Katihar के नाम Pledge है, जो दिगभ्रमित करने जैसा प्रतीत होता है।

(b) इनके द्वारा निविदा में संलग्न किये गये बैंक गारंटी में Stamp Paper पर क्रेता या विक्रेता का नाम अंकित नहीं है तथा स्टाम्प किस उद्वेश्य से खरीदा गया उसका जिक्र भी नहीं है, जो Misleading है।

(c) इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजात/शपथ–पत्र में Engineer Manjit Singh के शपथ–पत्र में Engineer Manjit Singh का Sign नहीं है।

2. M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd.

(a) निविदाकार M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. को पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–6279(E) दिनांक–16.12.2024 तथा पत्रांक–4983(E) दिनांक–07.10.2024 के द्वारा 10 वर्षों के लिए कालीकृत किया गया, जिसका कालीकृत से संबंधित कोई कागजात संलग्न नहीं किया गया है, जिससे कालीकरण के मामले को समाप्त समझा जा सके।

(b) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये कागजातों के साथ संलग्न Key Personnel/Engineer के सभी शपथ–पत्र 20 रुपये के Stamp पर है, जो कि शपथ–पत्र 100 रुपये के Stamp पर होनी चाहिए तथा सभी शपथ–पत्र में Welfare Ticket भी नहीं लगाया गया है, जो गलत प्रतीत होता है।

3. Hari Construction and Associates Pvt. Ltd.

(a) इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजात/शपथ–पत्र में Engineer Ajit Kumar के शपथ–पत्र में अजय कुमार का Sign किया गया है, जो पूर्णतः गलत है।

(b) इनके द्वारा अपलोड किये गये अनुभव प्रमाण–पत्र, जो NH Division, Lakhisarai द्वारा निर्गत Certificate Letter No- 362, Dt- 13.05.2025 के SI No-07 में Actual Date of Completion 30.04.2026 अंकित है, जो (अभी आया हीं नहीं है) गलत लगता है।

(c) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये Bank Certificate में निर्गत करने की तिथि नहीं, जो संदेहाष्पद लगता है।

4. Kailash Prasad Yadav Constructions Pvt. Ltd.

(a) इनके द्वारा निविदा में अपलोड शपथ–पत्र संख्या–11409 /13.11.2025 में Tender Id-118225 है, जबकि उक्त निविदा का Tender Id-118224 है, जो गुमराह/दिगभ्रमित करने जैसा लगता है।

(b) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये Bid Capacity से संबंधित कागजातों में Bid Capacity की गणना से दिगभ्रमित करने जैसा प्रतीत होता है।

5. M/S Sri Ram Enterprises

(a) इनके द्वारा निविदा में Bid Security के रुप में दिये गये बैंक गारंटी में Stamp Paper पर क्रेता या विक्रेता का नाम अंकित नहीं है तथा स्टाम्प किस उद्वेश्य से खरीदा गया उसका जिक्र भी नहीं है, जो Misleading प्रतीत होता है।

(b) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये कागजातों के साथ संलग्न Key Personnel/Engineer के सभी शपथ–पत्र 20 रुपये के Stamp पर है, जो कि शपथ–पत्र 100 रुपये के Stamp पर होनी चाहिए, जो गलत प्रतीत होता है।

निविदाकार ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. से प्राप्त परिवाद पर उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी समीक्षा :–

| परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवंनिर्णय |
|---|---|---|
| ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. | 1. Topline Infra Projects Pvt. Ltd | |
| | (a) इनके द्वारा Bid Security के रुप में जमा Bank Guarantee Executive Engineer, RCD, Road Division, Araria के जगह Executive Engineer RCD, Road Division, Katihar के नाम Pledge है, जो दिगभ्रमित करने जैसा प्रतीत होता है। | विषयगत निविदा के लिए Topline Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा समर्पित BG के Verification के क्रम में बैंक द्वारा Verification में "Please read the Beneficiary address as Executive Engineer RCD, Road Division, Araria-854311 instead of Executive Engineer, RCD, Road Division. Katihar-854105. It was a typo error." लिखकर BG को Verifiy किया गया है जिसके कारण किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति नहीं है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | (b) इनके द्वारा निविदा में संलग्न किये गये बैंक गारंटी में Stamp Paper पर क्रेता या विक्रेता का नाम अंकित नहीं है तथा स्टाम्प किस उद्वेश्य से खरीदा गया उसका जिक्र भी नहीं है, जो Misleading है। | उक्त Stamp का प्रयोग संबंधित Bank द्वारा BG निर्गत करने के लिए किया गया है, जिसमें कार्य का नाम स्पष्ट रुप से अंकित है तथा उक्त BG Bank द्वारा Verified है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | (c) इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजात / शपथ–पत्र में Engineer Manjit Singh के शपथ–पत्र में Engineer Manjit Singh का Sign नहीं है। | Bidder द्वारा वैद्य रु० 100.00 के Stamp जिस पर रु० 25.00 का Advocate Wealfare Stamp भी लगा हुआ है के माध्यम से Key Personal की Availability दर्शायी गई है,जो कि SBD/ITB के Clause-4.3(e)के अंतर्गत मान्य है। उक्त हेतु प्रत्येक Key Personal से Affidavit लिये जाने का प्रावधान NIT/SBD में नहीं किया गया |

| | | |
|---|---|---|
| | | है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | 2. M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd. | |
| | (a) निविदाकार M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd. को पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–6279(E) दिनांक–16.12.2024 तथा पत्रांक–4983(E) दिनांक–07.10.2024 के द्वारा 10 वर्षो के लिए कालीकृत किया गया, जिसका कालीकृत से संबंधित कोई कागजात संलग्न नहीं किया गया है, जिससे कालीकरण के मामले को समाप्त समझा जा सके। | विभागीय पत्रांक–7000(E) दिनांक–13.10.2025 द्वारा M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd. को कालीकृत से मुक्त किया गया है। इस प्रकार निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक–21.11.2025 के पूर्व M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. कालीकृत से मुक्त हो चुका है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | (b) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये कागजातों के साथ संलग्न Key Personnel/ Engineer के सभी शपथ–पत्र 20 रुपये के Stamp पर है, जो कि शपथ–पत्र 100 रुपये के Stamp पर होनी चाहिए तथा सभी शपथ पत्र में Welfare Ticket भी नहीं लगाया गया है, जो गलत प्रतीत होता है। | Bidder द्वारा वैद्य रु० 100.00 के Stamp जिसपर रु० 25.00 का Advocate Wealfare Stamp भी लगा हुआ है के माध्यम से Key Personal की Availability दर्शायी गई है, जो कि SBD/ITB के Clause-4.3(e) के अंतर्गत मान्य है। उक्त हेतु प्रत्येक Key Personal से Affidavit लिये जाने का प्रावधान NIT/SBD में नही किया गया है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | 3. M/S Hari Construction and Associates Pvt. Ltd. | |
| ABCI Infrastructure Pvt. Ltd | (a) इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजात/शपथ–पत्र में Engineer Ajit Kumar के शपथ–पत्र में अजय कुमार का Sign किया गया है, जो पूर्णतः गलत है। | Bidder द्वारावैद्य रु० 100.00 के Stamp जिसपर रु० 25.00 का Advocate Wealfare Stamp भी लगा हुआ है के माध्यम से Key Personal की Availability दर्शायी गई है, जो कि SBD/ITB के Clause-4.3(e) के अंतर्गत मान्य है। उक्त हेतु प्रत्येक Key |

| | | |
|---|---|---|
| | | Personal से Affidavit लिये जाने का प्रावधान NIT/SBD में नहीं किया गया है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | (b) इनके द्वारा अपलोड किये गये अनुभव प्रमाण–पत्र, जो NH Division, Lakhisarai द्वारा निर्गत Certificate Letter No- 362, Dt-13.05.2025 के SI No- 07 में Actual Date of Completion 30.04.2026 अंकित है, जो (अभी आया हीं नहीं है) गलत लगता है। | NH Division, Lakhisarai द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र–362, Dt-13.05.2025 में वर्णित कार्य से Similar Nature in terms of quantity लिया गया है, जो कि SBD/ITB की कंडिका–4.5 A(c) के आलोक में Ongoing कार्य के लिए मान्य है। वर्णित पत्र का Verification कार्यपालक अभियंता, रा०उ०प०प्रमंडल, लखीसराय एवं मुंगेर के स्तर से प्राप्त है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | (c) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये Bank Certificate में निर्गत करने की तिथि नहीं, जो संदेहाष्पद लगता है। | इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया के पत्रांक–1936 (अनु०) दिनांक–26.11.2025 द्वारा संबंधित बैंक (SBI, Barauni, Begusarai) से पृच्छा की गई थी जिसे बैंक द्वारा दिनांक–6.11.2025 को Verify करते हुए Bank Certificate के Issue date 20.11.2025 अंकित किया गया है। इस प्रकार निर्गत Bank Certificate संदेह रहित है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | 4. Kailash Prasad Yadav Constructions Pvt. Ltd. | |
| | (a) इनके द्वारा निविदा में अपलोड शपथ–पत्र संख्या–11409 /13.11.2025 में Tender Id-118225 है, जबकि उक्त निविदा का Tender Id-118224 है, जो गुमराह / दिगभ्रमित करने जैसा लगता है। | प्रश्नगत शपथ–पत्र में योजना का नाम एवं वर्ष सही अंकित है। SBD/NIT के Clause में शपथ–पत्र में Tender ID अंकित करने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए शपथ–पत्र में अंकित Tender ID-118225 के स्थान पर 118224 को Typographical error माना जाता है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | (b) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये Bid Capacity से संबंधित कागजातों में Bid Capacity की गणना से दिगभ्रमित करने जैसा प्रतीत होता है। | निविदाकार द्वारा गणित Bid Capacity को Evaluation में नहीं लिया गया है बल्कि SBD/ITB की कंडिका–4.7 के अनुरुप Bid Capacity की गणना की गयी है, जो कि Required Bid Capacity से अधिक है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | 5. M/s Sri Ram Enterprises | |
| | (a) इनके द्वारा निविदा में Bid Security के रुप में दिये गये बैंक गारंटी में Stamp Paper पर क्रेता या विक्रेता का नाम अंकित नहीं है तथा स्टाम्प किस उद्वेश्य से खरीदा गया उसका जिक्र भी नहीं है, जो Misleading प्रतीत होता है। | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया के पत्रांक–1890 (अनु०) दिनांक–24.11.2025 द्वारा निविदाकार से BG की मूल प्रति प्राप्त की गयी थी, जिसकी छायाप्रति मूल्यांकन हेतु समर्पित की गई थी। Stamp Paper में क्रेता या विक्रेता का नाम अंकित है तथा स्टाम्प किस उद्वेश्य से खरीदा गया उसका भी जिक्र है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |
| | (b) इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये कागजातों के साथ संलग्न Key Personnel/ Engineer के सभी शपथ–पत्र 20 रुपये के Stamp पर है, जो कि शपथ–पत्र 100 रुपये के Stamp | Bidder द्वारा वैद्य रु० 100.00 के Stamp जिसपर रु० 25.00 का Advocate Welfare Stamp भी लगा हुआ है के माध्यम से Key Personal |

| | | |
|---|---|---|
| | पर होनी चाहिए, जो गलत प्रतीत होता है। | की Availability दर्शायी गई है, जो कि SBD/ITB के Clause-4.3(e) के अंतर्गत मान्य है। उक्त हेतु प्रत्येक Key Personal से Affidavit लिये जाने का प्रावधान NIT/SBD में हीं किया गया है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है। |

7. <u>तकनीकी बीडमूल्यांकन समिति की अनुशंसा</u> :–

प्राप्त परिवाद पर उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक समीक्षोपरांत विषयाधीन कार्य के निविदा के निविदाकार ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. के परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया गया तथा दिनांक–19.12.2025 को संपन्न उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन की बैठक में SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/S Bhartia Infra Projects Ltd. एवं (2) Sathi Construction को SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने तथा शेष 08 (आठ) निविदाकार यथा (1) ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. (2) M/s Hari Construction and Associates Pvt. Ltd. (3) M/s Kailash Prasad Yadav Constructions Pvt. Ltd. (4) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. (5) M/s Mateshwari Construction (6) M/S Rajbir Construction Pvt. Ltd. (7) M/S Sri Ram Enterprises एवं (8) M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. को SBD आधारित निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का लिए गये निर्णय को यथावत रखा जाता हैं तथा परिवाद निष्पादन के उपरांत निविदा में सफल निविदाकार के पक्ष में विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित करने की अनुशंसा की जाती है।

8. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः**

8.1 मुख्य अभियंता, सीमाचंल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–72(अनु०) दिनांक–14.01.2026 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–14.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा ABCI Infrastructure Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल आठ निविदाकारों में से सफल एक निविदाकार M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा Bid Security के रुप में जमा Bank Guarantee Executive Engineer, RCD, Road Division, Araria के जगह Executive Engineer RCD, Road Division, Katihar के नाम Pledge है। चूँकि BG प्रक्रम–1 के अन्तर्गत आता है, जिसमें Clarification/Modification का प्रावधान नहीं होने के कारण M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. को निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(iii) उपभागीय ज्ञापांक–1693(ई०) दिनांक–19.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–19.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iv) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(v) मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

(vi) तकनकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा गलत ढंग से M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. को निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया है। फलस्वरूप संबंधित कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

8.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27/01/26 | 27/01/26 | 27/01/26 | 27/01/26 |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाशंकर प्रसाद)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमाचंल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–07/2026 610(E) पटना, दिनांक 28/01/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/01/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।